# ऊर्जा मंत्री ने जनसुनवाई में किया जनसमस्याओं का निराकरण

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 18 अक्टूबर.** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने शनिवार को अपने ग्वालियर रेसकोर्स रोड स्थित सरकारी कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान समस्याओं का निराकरण किया। इस अवसर पर उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश देते हुए समस्याओं का समाधान निर्धारित समय सीमा में करने की बात कही। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने जन सुनवाई में आई जरुरतमंद महिलाओं को तत्काल राशन दिलाने, वृद्धावस्था पेंशन तथा मुफ्त इलाज हेतु आयुष्मान कार्ड बनवाने के निर्देश भी दिए।



ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने इस अवसर पर मुलाकात करने आए लोगों को आश्वस्त किया कि आपका यह सेवक सदैव आपकी समस्याओं के समाधान हेतु तत्पर है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री ने अंतिम छोर के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचे इसके पर्याप्त इंतजाम किए हैं। इस दिशा में सरकार सतत प्रयत्नशील है।

इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने क्रमवार एक-एक आवेदक के पास जाकर उनकी समस्याएँ सुनीं और सम्बन्धित अधिकारियों को कार्यवाही के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने मोबाइल फोन से संबंधित अधिकारियों से चर्चा करते हुए समस्याओं के निराकरण में किसी भी सूरत में लापरवाही बर्दाश्त नहीं करने की हिदायत दी। उल्लेखनीय है कि ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर द्वारा आमजन की बिजली, पानी व राशन से संबंधित शिकायतों के निराकरण के लिए जनसुनवाई की जाती है।



## नवीन पार्क में उफनते सीवर को लेकर सुनील शर्मा ने किया प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 18 अक्टूबर.** कंचमील रोड स्थित वार्ड 16 नवीन पार्क में उफनते सीवर को देख कर नाराज कांग्रेस प्रदेश महासचिव सुनील शर्मा ने क्षेत्रवासियों के साथ मिलकर मानव श्रंखला बनाई और निगम प्रसाशन के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया । इस मौके पर धर्मवीर लोधी मनीष शर्मा पार्षद रामु कुशवाह पार्षद रणवीर चौधरी अजीत गोस्वामी जितेंद्र भदोरिया धर्मवीर राठौर धर्मेश शर्मा राम सहाय तोमर राधेश्याम शर्मा ओम गोड़िया धर्मवीर प्रजापति देवेंद्र उपाध्याय अरविंद संतोष भारती विजय दिवाकर बंटी पाली अभय सिंह राहुल चौधरी अमित शर्मा गजेंद्र आर्य धर्मेंद्र वर्मा पुष्पराज शर्मा संदीप पंकज तोमर संतोष राजावत रामसेवक गुर्जर सुनील गुप्ता आदि मौजूद रहे.

## हजरत ख्वाजा खानून का 507 वां उर्स मेला आज से

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 18 अक्टूबर.** देश के प्रमुख सूफी संत हजरत ख्वाजा खानून का 507 वा सालाना पारम्परिक उर्स मेला आज 19 अक्टूबर से परम्परागत रूप से उनकी दरगाह पर चिराग-ए-चिश्तिया रोशन हो कर शुरू होगा । दरगाह के नायब सज्जादानशीन डॉ एजाज खानूनी ने बताया कि आज 19 अक्टूबर को शाम 6 बजे दरगाह की प्रबंध समिति जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधि मिलकर दीप जलाकर उर्स मेले का शुभारंभ करेंगे। उर्स की पहली चादर आयोजन समिति द्वारा पेश की जायेगी। सज्जादानशीन हजरत ख्वाजा राशिद खानूनी साहब विशेष दुआ करेंगे। उर्स संयोजक रामबाबू कटारे ने बताया कि आठ दिवसीय उर्स मेले की तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। प्रशासनिक व्यवस्थाओं के लिए संभागायुक्त द्वारा निर्देश जारी कर दिए गए हैं। उर्स मेले में सफाई, पानी, बिजली आदि की व्यवस्था के लिए नगर निगम के अधिकारियों को महापौर महोदया ?द्वारा निर्देशित किया गया है। इस वर्ष दीपावली का त्योहार भी साथ होने से दुगने उत्साह के साथ कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। आयोजकों ?ने सभी अकीदतमंदों से समारोह में भाग लेने का अनुरोध किया है।

**दीप जला कर होगा शुभारंभ**



### सेवा पथ परिसर में 22 को होगा सामूहिक गोवर्धन पूजा महोत्सव

**ग्वालियर 18 अक्टूबर.** गत 15 वर्षों से आयोजित सामूहिक गोवर्धन पूजा महोत्सव 22 अक्टूबर को पूर्वाह्न सेवा पथ परिसर में मनाया जाएगा । पूर्व मंत्री जयभान सिंह पवैया द्वारा सन् 2010 से स्थापित परम्परा के अन्तर्गत कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा 22 अक्टूबर को पूर्वाह्न 11 बजे भगत सिंह नगर स्थित सेवापथ परिसर में सामूहिक गोवर्धन पूजा महोत्सव आयोजित किया गया है जिसमें शहर के विभिन्न सामाजिक , धार्मिक एवं राजनैतिक संगठनों के गणमान्य , विद्वत गण व जन प्रतिनिधि गिरिराज जी का सामूहिक पूजन व महाआरती करेंगे । गौ पूजन एवं वनस्पति पूजन भी किया जाएगा । इस अवसर पर गाजे बाजे एवं आतिशबाजी की जाएगी.

## जेयू- युवा उत्सव के अंतिम दिन हुई तीन प्रतियोगिताएं

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 18 अक्टूबर.** जीवाजी विश्वविद्यालय के गालव सभागार में आयोजित तीन दिवसीय अन्तर कक्षा अध्ययनशाला स्तरीय युवा उत्सव के अंतिम दिन तीन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें वक्तृत्वकला, वाद-विवाद, प्रश्नमंच प्रतियोगिताएं शामिल रहीं। वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने भारतीय शिक्षा प्रणाली में भारतीय ज्ञान परम्परा की प्रासंगिकता विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

**छात्रों ने वाद विवाद के माध्यम से भारतीय शिक्षा प्रणाली में भारतीय ज्ञान परम्परा की प्रासंगिकता को बताया**



छात्रों ने तर्कों के माध्यम से भारतीय शिक्षा के मूल स्वरूप, गुरुकुल परंपरा, नैतिक मूल्यों तथा आधुनिक शिक्षा के समन्वय की आवश्यकता पर प्रकाश डाला ।वक्तृत्वकला प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में भारतीय ज्ञान परम्परा की भूमिका विषय पर प्रभावशाली विचार प्रस्तुत किए। छात्रों ने कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा न केवल हमारी सांस्कृतिक धरोहर है, बल्कि आत्मनिर्भरता की भावना का भी मूल स्रोत है।

गुरुकुल प्रणाली, योग, आयुर्वेद, कृषि ज्ञान और विज्ञान के क्षेत्र में प्राचीन भारतीय योगदान को आज के भारत के विकास मॉडल से जोड़ा जा सकता है ।वहीं प्रश्नमंच में विद्यार्थियों ने त्वरित उत्तरों के माध्यम से अपनी जानकारी और सामान्य ज्ञान का प्रदर्शन किया ।प्रश्नमंच में छात्रों ने त्वरित उत्तर देकर अपनी ज्ञान क्षमता का प्रदर्शन किया ।कार्यक्रम के अंत में निर्णायकों ने प्रतिभागियों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों में अभिव्यक्ति, तर्कशक्ति और टीम भावना को विकसित करते हैं ।प्रो.जेएन गौतम के धन्यवाद ज्ञापन के साथ प्रतियोगिता का समापन हुआ ।कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में डॉ. अशोक सम्राट,गोपाल गुप्ता एवं डॉ. आध्या दीक्षित उपस्थित रहे ।इस अवसर पर प्रो.जेएन गौतम, डॉ.अशोक सम्राट,गोपाल गुप्ता, डॉ.आध्या दीक्षित,विकार ,आदर्श सिमौलिया सहित छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

# माधव कॉलेज में रासेयो ने दिवाली पर चलाया स्वच्छ परिसर अभियान

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 18 अक्टूबर.** दिवाली पर हम अपने घर की स्वच्छता करते हैं वैसा ही हम अपने शिक्षा मंदिर महाविद्यालय के लिए भी किया दीपावली के पावन पर्व को देखते हुए माधव महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा एक विशेष %सफाई अभियान% चलाया गया। इस अभियान में महाविद्यालय के रासेयो स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। महाविद्यालय परिसर की साफ-सफाई की यह स्वच्छता अभियान डॉ. संजय कुमार पाण्डेय कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना के नेतृत्व में चलाया गया।

अभियान का उद्देश्य छात्रों और स्टाफ को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ, परिसर को त्योहार के लिए स्वच्छ और सुंदर बनाना था। स्वयंसेवकों ने कक्षाओं, गलियारों पूरे कैंपस से प्लास्टिक, कूड़ा-करकट और अनावश्यक सामग्री को हटाकर स्वच्छता सुनिश्चित की।




कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संजय कुमार पाण्डेय ने बताया, दीपावली रोशनी और स्वच्छता का त्योहार है। हमने इस अभियान के माध्यम से छात्रों को यह संदेश दिया है कि केवल अपने घरों को ही नहीं, बल्कि अपने शिक्षण संस्थान और आसपास के वातावरण को भी स्वच्छ रखना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शिवकुमार शर्मा ने रासेयो इकाई के इस प्रयास की सराहना की और कहा कि इस तरह के सामाजिक कार्य छात्रों में जिम्मेदारी की भावना पैदा करते हैं। उन्होंने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं भी दीं। इस स्वच्छता अभियान में स्वयंसेवक रितेश सेन, प्रकृति शर्मा, सागर शर्मा, शिवम गुर्जर, नकुल शर्मा, आशुतोष पालीवाल आदि लोग उपस्थित थे।

### लायंस आर्यन ने बच्चों को फल मिठाई वितरित किए




**ग्वालियर 18 अक्टूबर.** इंटरनेशनल लायंस क्लब ग्वालियर आर्यन प्रांत 3233 ई1 द्वारा दीवाली पर एक अनूठा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कैंसर पहाड़िया स्थित हनुमान मंदिर परिसर में दीक्षित सर द्वारा निशुल्क बच्चों को पढाने की कक्षाएं लगाई जाती है वहां जाकर बच्चों को फल मिठाई आदि वितरित किए गए। कुछ किताबें कुछ कपड़े आदि भी दिए गए। एक बोर्ड बच्चों को पढ़ने हेतु और एक फर्श देने का आश्वासन क्लब मेंबर ने दिया है। अध्यक्ष किरण सोनी और एम जे एफ लाइन डॉक्टर मीरा जैन लाइन उषा सिकरवार आदि की कार्यक्रम में उपस्थिति रही। दीक्षित ने सभी का आभार व्यक्त किया और दीपावली की शुभकामनाएं दीं।

# तस्करों के खिलाफ जगह-जगह कार्रवाई, हजारों रुपए की शराब जब्त

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 18 अक्टूबर.** पांच दिनी दीपोत्सव पर अपराधी तत्व सिर न उठा सकें इसके लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह ने मातहतों को कसते हुए टास्क दे दिए हैं। अवैध शराब, जुआ, सट्टा, अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश जारी किए गए हैं। एसएसपी के निर्देश मिलते ही पुलिस ने जगह-जगह ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए विभिन्न जगहों से अवैध शराब बेचने वालों पर शिकंजा कसते हुए गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से हजारों रुपए कीमत की अवैध शराब जब्त की गई है।

हजीरा थाना प्रभारी अशोक सिंह तोमर ने बताया कि बीते रोज चौहान क्रेन के ऑफिस के पास से अवैध शराब का परिवहन करने की सूचना मिली थी। पुलिस ने घेराबंदी कर पुरानी रेशम मिल अखाड़े के पास से मोहन नोटिया पुत्र मौजीराम को पकड़ लिया। आरोपी के पास से 48 क्वार्टर देशी शराब के मिले। जब्त शराब की कीमत 4 हजार रुपए है। आंतरी पुलिस ने अवैध शराब की तस्करी करने वाले राधेश्याम किरार को उस समय पकड़ लिया जब वह बेचने के लिए निकला था। आरोपी के पास से 70 क्वार्टर जब्त किए गए।

**आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज**

भितरवार में हमीर सिंह परिहार निवासी कैरुआ गांव के पास से 26 क्वार्टर मिले जिन्हें पुलिस ने जब्त कर लिया। डबरा देहात पुलिस ने गंगाप्रसाद व धनपाल सिंह से 42 क्वार्टर जब्त किए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किए हैं।

### 315 बोर का कट्टा व कारतूस लिए घूम रहा बदमाश पकड़ा

ग्वालियर। सिकंदर कंपू पर मुस्कान गार्डन के पास अवैध कट्टा व कारतूस लेकर वारदात करने की नीयत से घूम रहे बदमाश को पुलिस ने पकड़ लिया। आरोपी के पास से 315 बोर का कट्टा तथा चार राउंड बरामद किए गए हैं। गिरवाई पुलिस पकड़ में आए बदमाश से पूछताछ कर रही है कि वह किस वारदात की नीयत से अंधेरे में खड़ा था और कौन उसके टारगेट पर था। त्योहारी सीजन चल रहा है और इसका फायदा उठाने की चोर, बदमाश फिराक में रहते हैं। सिकंदर कम्पू इमली नाका के पास मुस्कान गार्डन है, वहां 24 वर्षीय आकाश उर्फ लाले पुत्र मोहन सक्सेना निवासी विजय नगर आमखो हथियार लेकर खड़ा था। मुखबिर ने इसकी सूचना गिरवाई थाने के एएसआई पंकज सिंह राजावत को दी। हथियारबंद बदमाश के रात के अंधेरे में खड़े होने की जानकारी मिलते ही एएसआई पंकज सिंह राजावत ने उस क्षेत्र को घेर लिया और आकाश को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर आकाश की कमर से 315 बोर का कट्टा तथा पेंट की जेब से 4 जिंदा कारतूस मिले, जिन्हें पुलिस ने जब्त कर लिया।

### दीपावली पर 3 प्रतिशत मंहगाई भत्ता दे मप्र सरकार :बलबीर



**ग्वालियर 18 अक्टूबर.** मप्र राज्य कर्मचारी संघ ग्वालियर के कार्यकारी अध्यक्ष एवं सह संयोजक बलबीर सिंह परमार ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से पुरजोर मांग की है कि प्रदेश के मुखिया केंद्र के समान 3 प्रतिशत मंहगाई भत्ता दीपावली पर प्रदान कर राज्य कर्मचारियों को राहत प्रदान करें।

सर्व प्रथम राज्य के मुखिया को पत्र के माध्यम से प्रदेश महामंत्री जितेंद्र सिंह ओएसडी से भेंट कर अपनी भावनाओं से अवगत करा चुके है। मप्र राज्य कर्मचारी संघ ग्वालियर को आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि मुख्यमंत्री डीए की घोषणा शीघ्र कर कर्मचारियों का विश्वास कायम रखेंगे। मांग करने वालों में सुनील कुमार आर्य, दिलीप श्रीवास्तव, धनीराम कुशवाह, प्रियदर्शी शर्मा, गणेश शंकर पचौरी इत्यादि शामिल हैं।

# एमिटी विवि ने मनाया 'विश्व गरीबी उन्मूलन दिवस'

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 17 अक्टूबर।** एमिटी बिज़नेस स्कूल, एमिटी विश्वविद्यालय ग्वालियर ने विश्व गरीबी उन्मूलन दिवस के अवसर पर एक सामाजिक जागरूकता अभियान का आयोजन किया। इस अभियान का उद्देश्य समाज में गरीबी उन्मूलन के प्रति जागरूकता फैलाना और छात्रों में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत एमिटी विश्वविद्यालय परिसर में हुई, जहाँ छात्रों और संकाय सदस्यों ने मिलकर विश्वविद्यालय परिसर में काम करने वाले श्रमिकों को खाद्य सामग्री, कपड़े और अन्य आवश्यक वस्तुएँ वितरित कीं। यह कार्यक्रम एमिटी बिज़नेस स्कूल और मैड मेक डिफरेंस नामक गैर-लाभकारी संस्था के सहयोग से शासकीय प्राथमिक विद्यालय, जनकगंज, ग्वालियर में आयोजित किया गया। जहाँ छात्रों के साथ इंटरैक्टिव गतिविधियाँ आयोजित की गईं और उन्हें शिक्षण सामग्री और उपयोगी वस्तुएँ प्रदान की गईं।




इस कार्यक्रम का उद्घाटन माननीय कुलपति डॉ. आर.एस. तोमर ने मजदूरों को मिठाई वितरित करके किया। प्रो-कुलपति लेफ्टिनेंट जनरल वी.के. शर्मा (सेवानिवृत्त) और डॉ. एम.पी. कौशिक ने शिक्षा और सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से गरीबी की चुनौतियों का समाधान करने में छात्रों और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की।

इस अवसर पर बोलते हुए, डॉ. नविता नैथानी ने कहा कि एमिटी में, हमारा मानना है कि शिक्षा केवल कक्षाओं तक ही सीमित नहीं होनी चाहिए। वास्तविक शिक्षा तब मिलती है जब हमारे छात्र राष्ट्र निर्माण और समाज के उत्थान में योगदान देते हैं। गरीबी उन्मूलन केवल एक लक्ष्य नहीं है यह एक साझा ज़िम्मेदारी है।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों में समाज सेवा, नेतृत्व क्षमता और समाज के प्रति ज़िम्मेदारी की भावना विकसित करना था। इस अभियान ने युवाओं को भविष्य में ज़िम्मेदार नागरिक बनने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया।

जनक गंज हायर सेकेंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य अनित जैन और मेक अ डिफरेंस के समन्वयक आशीष शर्मा मिठाई, कपड़े, खिलौने और अन्य सामग्री वितरित करने के दौरान उपस्थित थे। विद्यालय में वितरण।

यह अभियान निदेशक डॉ. नविता नैथानी के मार्गदर्शन में समन्वयक डॉ. मीनाक्षी त्रिपाठी और डॉ. किशन सिंह राठौर द्वारा सफलतापूर्वक संचालित किया गया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. आस्था जोशी और डॉ. राजीव द्विवेदी सहित संकाय सदस्य और छात्र स्वयंसेवक उपस्थित थे।




स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95